**दिनांक 11.03.2023 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप की अध्यक्षता में आई0टी0 कोषांग से संबंधित कार्यो की समीक्षात्मक बैठक में दिये गये निदेश।**

दिनांक 11.03.2023 को निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा आई0टी0 कोषांग अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा श्री अनिल कुमार सिंह, सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, श्री वीरेन्द्र कुमार, स0ब0प0, मो0 अली, आई0टी0 सेल प्रभारी, श्री अभितोष कुमार, प्रोग्रामर, बी0पी0एम0यू0, श्री कुणाल किशोर, श्री प्रिंस कुमार, प्रोग्रामर, टीम लीड श्री अंजनी कुमार मिश्रा, श्री दीपक मिश्रा एवं श्री ज्ञान वर्मा के साथ की गई।

समीक्षोपरांत दिये गये निम्नांकित निदेश हैः–

1. **भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर डैशबोर्ड की समीक्षा**:– सर्वप्रथम बैठक में प्रोग्रामर, श्री कुणाल किशोर एवं श्री प्रिंस कुमार के द्वारा भू–सर्वेक्षण सॉफ्टवेयर डैशबोर्ड का नया Module प्रदर्शित किया गया। अवलोकनोपरांत पाया गया कि Module में पूर्व से दिये गये निदेश के अनुसार निम्नांकित चार Link को प्रदर्शित किया जाना था, उन्हें सम्बद्ध नहीं किया गया हैः–

   (i) विशेष सर्वे अधिकार अभिलेख
   (ii) नागरिक अधिकार अभिलेख
   (iii) अभिधारी खाता पंजी
   (iv) चालू खतियान
   (v) सरकारी जमीन का रिपोर्ट

   इस संबंध में दोनों प्रोग्रामर द्वारा बताया गया कि दो दिनों के अंदर में सर्वर पर ऑनलाईन Link Activate कर दिया जाएगा। यह भी बताया गया कि डैशबोर्ड हेतु प्राप्त अभिधारी खाता पंजी के प्रारूप में संशोधन किया जाना है। नागरिक अधिकार अभिलेख के बारे में बताया गया कि कुछ राजस्व ग्रामों का एल0जी0डी0 कोड प्राप्त नहीं होने के कारण नागरिक अधिकार अभिलेख में ULPIN का प्रदर्शन नहीं हो पा रहा है। इस संबंध में बताया गया कि श्री विजय साम्राज्य द्वारा आई0 टी0 सेल को 1955 राजस्व ग्रामों की सूची आई0 टी0 सेल को उपलब्ध कराई गई है, जिसकी जाँच की जा रही है। जाँचोपरांत अपडेट किये जाने के पश्चात् यह स्पष्ट होगा कि किन अंचलों/ग्रामों का एल0जी0डी0 कोड नहीं बना है। एल0जी0डी0 कोड के संबंध निदेशित किया गया कि यथाशीघ्र पंचायती राज विभाग से समन्वय स्थापित कर लंबित ग्रामों के एल0जी0डी0 कोड निर्धारण हेतु अनुरोध किया जाय।

   निदेश दिया गया कि दो दिनों के अंदर में संशोधित Module को ऑनलाईन करना सुनिश्चित किया जाय एवं अभिधारी खाता पंजी के संशोधन के लिए विशेष सर्वेक्षण कोषांग से नियमावली के अनुरूप प्रस्ताव प्राप्त कर अविलंब संशोधन कर लिया जाय।

2. **वसुधा केन्द्र (Common Service Centre)** :– प्रतिवेदित किया गया कि वसुधा केन्द्र को निदेशालय से संबंधित कुल 8 सेवा आमजनों को उपलब्ध कराने हेतु दर निर्धारित कर उपलब्ध कराया गया है, उनके द्वारा 7 सेवाओं विशेष सर्वेक्षण प्रक्रम का प्रोडक्ट तैयार कर उपलब्ध कराया गया है, जिसके इंटीग्रेशन का कार्य किया जा रहा है तथा एक सेवा डोर स्टेप डिलिवरी ऑफ रेवन्यू मैप का प्रोडक्ट तैयार कर वसुधा केन्द्र द्वारा उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसके संबन्ध में डोर स्टेप डिलिवरी ऑफ रेवन्यू मैप वाला बैंक अकाउंट नम्बर की मांग उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग से की गयी है आज दिनांक 13.03.2023 को उप निदेशक द्वारा उपलब्ध करा दी जाएगी, तत्पश्चात वसुधा केन्द्र को उपलब्ध कराकर प्रोडक्ट तैयार कर ली जाएगी।

निदेश दिया गया है कि एक सप्ताह के अन्दर वसुधा केन्द्र के तकनीकी टीम के साथ आई0टी0 सेल के तकनीकी टीम आपस में बैठक कर इंटीग्रेशन का कार्य करते हुए आमजनों को सेवा उपलब्ध कराने की सुविधा तैयार कर सूचित किया जाय ताकि विभागीय मंत्री द्वारा उक्त सेवा का उद्घाटन यथा शीघ्र कराया जा सके।

3. **Attendance App** :– समीक्षा में पाया गया कि विशेष सर्वेक्षण कार्य में सम्मिलित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों की उपस्थिति एवं नियंत्रण करने हेतु बनाये गये Attendance App के माध्यम से फर्जी उपस्थिति बनाने वाले कर्मियों पर नियंत्रण संभव नहीं हो पा रहा है।

Attendance App के वर्त्तमान परिचालन के संबंध में पूर्णतया असंतोष व्यक्त करते हुए टीम, श्री अंजनी कुमार मिश्रा से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि Attendance App में निम्नांकित में फिचर को जोड़ा जाय :–

(i) विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का 9:00 AM से 7:00 PM तक का घंटावार उपस्थिति प्रतिवेदन
(ii) उपस्थिति दर्ज करने वाले कर्मियों का फोटो के ऊपर Latitude एवं Longitude के साथ Location Name का प्रदर्शन।
(iii) वैसे कर्मियों से संबंधित प्रतिवेदन जिनके द्वारा फर्जी उपस्थिति दर्ज की गई अथवा उपस्थिति में छेड़छाड़ की गई है।

निदेशित किया गया कि किसी भी परिस्थिति में आगामी सात दिनों के अंदर Attendance App से संबंधित सभी सुधार करना सुनिश्चित किया जाय।

4. **DLRS Website** :– बैठक में पूर्व में दिये गये निदेश के अनुसार DLRS Website के नये होम पेज को बैठक में आई0टी0सेल टीम लीड, श्री अंजनी कुमार मिश्रा एवं श्री दीपक मिश्रा द्वारा प्रदर्शित किया गया। संशोधित होम पेज के थीम एवं Font के संबंध में पूर्णतया असंतोष व्यक्त किया गया।

निदेशित किया गया कि विगत 6 माह में DLRS Website के नये होम पेज का निर्माण नहीं होना अत्यंत खेदजनक है। इस संबंध में श्री दीपक मिश्रा से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। साथ ही यह भी निदेश दिया गया कि होम पेज के डिजाईन, थीम एवं Font को आकर्षक एवं सुंदर बनाया जाय। किसी भी परिस्थिति में इस कार्य को एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय।

5. **RSTI Library** :– प्रतिवेदित किया गया कि भू–अभिलेख एवं परिमाप बिहार निदेशालय, बिहार, पटना के अन्तर्गत राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान में पुस्तकालय सॉफ्टवेयर का निर्माण किया गया है। इसके लिए तैयार सॉफ्टवेयर के डिजाईन का प्रदर्शन बैठक में किया गया। सॉफ्टवेयर डिजाईन के अपूर्ण रहने पर असंतोष व्यक्त किया गया।

निदेशित किया गया कि एक सप्ताह के अंदर में इस कार्य को पूर्ण किया जाय।

6. **Geo Reference.SHP** :– बैठक में बताया गया कि बिहार सर्वेक्षण कार्यालय गुलजारबाग द्वारा सी0एस0, आर0एस0, सी0के0, सी0एम0 एवं आर0एम0 राजस्व ग्राम एवं नगरपालिकाओं का मानचित्र का डिजिटाइजेशन .SHP में करायी गयी है, परंतु उक्त राजस्व ग्रामों एवं नगरपालिकाओं के मानचित्र Geo Reference नहीं है। विशेष सर्वेक्षण के प्रक्रम में सम्बन्धित एजेंसी द्वारा .SHP डिजिटाइजड मानचित्र का उपयोग किये जाने के कारण डिजिटाइजड

मानचित्र का स्वतः Geo Reference होने के फलस्वरूप सम्बन्धित तीनों एजेंसी में से केवल IEISL (IL&FS), एजेंसी द्वारा कुल नौ जिला का Geo Reference .SHP राजस्व मानचित्र उपलब्ध करायी गयी है जिसमें केवल बक्सर जिला का ही मोजाएक Geo Reference .SHP उपलब्ध है जिसे भू–नक्शा सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर दी गयी है। शेष आठ जिलों को अपलोड करने की कार्रवाइ चल रही है। विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में प्रक्रमवार भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में अपलोड किये जाने वाले मानचित्रों की समीक्षा श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोआर्डिनेटर के बैठक में अनुपस्थित रहने के कारण नहीं की जा सकी।

श्री कुमार कन्हैया, जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर एवं श्री संजीव कुमार, प्रोग्रामर, एन0आई0सी0 बैठक में अनुपस्थित थे। निदेशित किया गया कि जी0आई0एस0 कोर्डिनेटर, श्री कुमार कन्हैया से बैठक में अनुपस्थित रहने के लिए कारण पृच्छा करते हुए एक सप्ताह का मानदेय कटौती का प्रस्ताव उपस्थापित किया जाय। श्री संजीव कुमार, प्रोग्रामर, एन0आई0सी0 के असंतोषजनक कार्य के संबंध में एन0आई0सी0 को प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का भी निदेश दिया गया।

16/3/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना ।

**ज्ञापांक** :– 03/भू0अ0नि0(3 )विविध (आई0टी0सेल) –13/2023.2222.... **पटना, दिनांक**–17/03/2023

प्रतिलिपि :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय गुलजारबाग/प्रशाखा पदाधिकारी/संबंधित पदाधिकारी/संबंधित कर्मी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/3/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/भू0अ0नि0(3 )विविध (आई0टी0सेल) –13/2023.2222.... **पटना, दिनांक**–17/03/2023

प्रतिलिपि :– प्रभारी आई0टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं निदेशालय के वेबसाइट पर प्रकाशित कराने हेतु प्रेषित।

16/3/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :– 03/भू0अ0नि0(3 )विविध (आई0टी0सेल) –13/2023.2222.... **पटना, दिनांक**–17/03/2023

प्रतिलिपि :– निदेशक कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

16/3/23

**सहायक निदेशक**
भू–अभिलेख एवं परिमाप